पत्रांकः— 04/NULM- 85/2016/......1215........ / न0वि0एवंआ0वि0

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषकः—

अपर सचिव—सह—निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवा में,

कार्यपालक पदाधिकारी,
बांकीपुर अंचल, पटना नगर निगम, पटना।

पटना, दिनांकः ..22/5/18......

विषयः— **DAY-NULM योजना के अधीन शहरी निराश्रितों के लिए संचालित आश्रय स्थल (Shelter for Urban Homless)/ रैन बसेरा की स्थिति में सुधार लाने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि दीनदयाल अंत्योदय योजना—राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के SUH घटक के अधीन नगर निकाय के क्षेत्रान्तर्गत आश्रयविहीनों हेतू संचालित रैन बसेरा निकट साइंस कॉलेज, पटना का दौरा **PMC-NULM** को राज्य मिशन प्रबंधक द्वारा दिनांक— 15.04.2018 को किया गया। राज्य मिशन प्रबंधक से प्राप्त क्षेत्र भ्रमण प्रतिवेदन के अनुसार निम्नलिखित बिन्दुओं के अनुपालन हेतु सुझाव दिये गये हैं:—

1. निरीक्षण के दौरान रैन बसेरा में कोई भी पंखा उपलब्ध नहीं पाया गया है। अतः उपयुक्त संख्या में पंखा (**Wall Fans/ Ceiling Fans**) का अधिष्ठापन रैन बसेरा में कराया जाय।
2. रैन बसेरा में नियमित रूप से साफ—सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाय।
3. रैन बसेरा के रसोई घर से उचित जल निकासी एवं शौचालय में 24 घंटे पानी की व्यवस्था सुनश्चित कराया जाय।
4. CMMU के माध्यम से नियमित अन्तराल पर रैन बसेरों का निरीक्षण कराया जाय।
5. संचालनकर्त्ता संस्था के माध्यम से रैन बसेरा का प्रचार—प्रसार पर बल दिया जाय ताकि अत्यधिक जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित कर विभाग को प्रतिवेदित किया जाय।

विश्वासभाजन,

21/5/18

अपर सचिव—सह—निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

THE PROJECT MANAGEMENT CONSULTING (PMC)
National Urban Livelihoods Mission - Bihar
Urban Development and Housing Department

आश्रय स्थल/रैन बसेरा निरीक्षण रिपोर्ट

1. निरीक्षणकर्त्ता का नाम/पद	:	**रवि कुमार,** राज्य मिशन प्रबंधक, (PMC-NULM)
2. निरीक्षण की तिथि	:	15.04.2018
3. निरीक्षण स्थल	:	रैन बसेरा, कुनकुन सिंह लेन, निकट साइंस कॉलेज, पटना

दिनांक– 15.04.2018 को कोशिश चैरिटेबल ट्रस्ट, पटना के माध्यम से संचालित रैन बसेरा, निकट साइंस कॉलेज, पटना का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण मौके पर एक कर्मी (प्रबंधक) उपस्थित पाये गये एवं दो लाभार्थी रैन बसेरा में आराम करते पाये गये। अन्य कर्मियों के बारे मे पूछने पर प्रबंधक, रैन बसेरा के द्वारा बताया गया कि, केयर टेकर छुट्टी पर हैं।

रैन बसेरा में संधारित उपस्थित पंजिका, लाभार्थी पंजिका इत्यादि का अवलोकन किया गया है। प्रबंधक के द्वारा अवगत कराया गया कि रैन बसेरा का छत काफी नीचे है एवं इस गर्मी में अबतक कोई पंखा नगर निकाय कार्यालय के द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है। पंखा नहीं होने से लाभार्थियों की रैन बसेरा की सेवा उपलब्ध कराने में कठिनाईयॉ हो रही है। जबकि इस संबंध में बांकीपुर अंचल को लिखित रूप से अनुरोध भी किया गया है।

निरीक्षण के दौरान किया गया अवलोकनः–

- रैन बसेरा में काई पंखा की व्यवस्था नहीं पायी गयी।
- निरीक्षण मौके पर रैन बसेरा एवं किचन में साफ–सफाई की कमी पायी गयी ।
- मौके पर मात्र एक कर्मी उपस्थित पाये गये।
- रैन बसेरा के किचन से जल निकासी की व्यवस्था सुव्यवस्थित नहीं थी।

सुझावः–

- रैन बसेरा संचालनकर्त्ता संस्था को सभी कर्मियों का ड्यूटी रोस्ट बनाकर रैन बसेरा के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध कराने एवं ड्यूटी के अनुसार कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु निदेशित किया जा सकता है। साथ ही रैन बसेरा की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान रखने हेतु निदेश दिया जा सकता है।
- संचालनकर्त्ता संस्था रैन बसेरा का प्रचार–प्रसार कर अत्यधिक जरूरतमंदो/आश्रयविहिनों को रैन बसेरा का लाभ पहॅुचाया जाना सुनिश्चित करे।
- रैन बसेरा पर पंखा की व्यवस्था सुनश्चित कराने एवं किचन से जल निकासी की व्यवस्था यथाशीघ्र सुव्यवस्थित कराने हेतु नगर निकाय को निदेशित किया जा सकता है।

27/04/2018

(रवि कुमार)
राज्य मिशन प्रबंधक

THE PROJECT MANAGEMENT CONSULTING (PMC)

National Urban Livelihoods Mission - Bihar

Urban Development and Housing Department

निरीक्षण के फोटोग्राफः–









रवि कुमार 25/04/2018

(रवि कुमार)

राज्य मिशन प्रबंधक